भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या:4767

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स के लिए बजट आवंटन

†4767. श्री ईश्वरस्वामी के .:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के प्रत्येक एम्स में स्वीकृत, भरे गए तथा रिक्त संकाय पदों की श्रेणी-वार संख्या क्या है;
(ख) विगत तीन वित्तीय वर्षों में प्रत्येक एम्स के लिए केंद्रीय बजट में आवंटित, स्वीकृत, जारी तथा वास्तविक रूप से उपयोग की गई धनराशि का संस्थान-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या किसी एम्स ने अधूरे अस्पताल ब्लॉकों, लंबित आवासीय क्वार्टर, गैर-कार्यशील चिकित्सा उपकरणों अथवा शिक्षण एवं अनुसंधान सुविधाओं की कमी सहित अवसंरचना संबंधी कमियों की सूचना दी है, यदि हाँ, तो संस्थान-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) देश के विभिन्न एम्स में सभी स्वीकृत संकाय पदों को भरने तथा लंबित अवसंरचना कार्यों को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): विभिन्न अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में स्वीकृत, पदस्थ और रिक्त संकाय पदों का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख): पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान विभिन्न एम्स में आवंटित बजट और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	**एम्स**	**वर्ष**	**निधि आवंटन**	**व्यय**
1.	एम्स दिल्ली	2022-23	4400.24	4188.43
		2023-24	4489.67	4422.07
		2024-25	4909.46	4880.70

2.	प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित नए एम्स की की गई	2022-23	8269.56	7744.92
		2023-24	8635.00	8036.08
		2024-25	9536.00	9472.10

(ग) और (घ): परियोजना प्रबंधन, अधिप्रापण और भर्ती विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें भूमि की उपलब्धता, नियामक/वैधानिक मंजूरी, स्थल-विशिष्ट मुद्दे, उपयुक्त/पात्र/योग्य संकाय/स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की उपलब्धता आदि शामिल हैं। एम्स में रिक्त संकाय पदों को शीघ्र भरने के लिए निम्नलिखित विशेष उपाय किए गए हैं:

(i) संकाय आदि के चयन के लिए प्रत्येक संस्थान में संबंधित अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार स्थायी चयन समिति का गठन किया गया है।

(ii) राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई) और सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) से 70 वर्ष की आयु तक के सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों को प्रोफेसर, अतिरिक्त प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर स्तर पर संविदा आधार पर नए एम्स में नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है।

(iii) भारत में स्थित सरकारी संस्थानों या भारत के बाहर शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर कार्यरत प्रोफेसरों, अतिरिक्त प्रोफेसरों और एसोसिएट प्रोफेसरों को शिक्षण प्रयोजनों के लिए नए एम्स में विजिटिंग फैकल्टी बनने की अनुमति देने के लिए विजिटिंग फैकल्टी योजना तैयार की गई है।

अनुलग्नक

दिनांक 20.03.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4767 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

विभिन्न एम्स में संकाय पदों का विवरण

क्र.सं.	एम्स	संकाय पद		
		स्वीकृत	पदस्थ	रिक्त
1.	नई दिल्ली (दिल्ली)	1306	860	446
2.	भोपाल (मध्य प्रदेश)	312	241	71
3.	भुवनेश्वर (ओडिशा)	337	238	99
4.	जोधपुर (राजस्थान)	405	221	184
5.	पटना (बिहार)	305	219	86
6.	रायपुर (छत्तीसगढ़)	305	200	105
7.	ऋषिकेश (उत्तराखंड)	355	229	126
8.	बठिंडा (पंजाब)	219	143	76
9.	बीबीनगर (तेलंगाना)	183	132	51
10.	बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)	217	130	87
11.	देवघर (झारखंड)	208	132	76
12.	गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)	213	117	96
13.	गुवाहाटी (असम)	183	117	66
14.	जम्मू (जम्मू और कश्मीर)	183	119	64
15.	कल्याणी (पश्चिम बंगाल)	309	175	134
16.	मदुरै (तमिलनाडु)	183	70	113
17.	मंगलागिरि (आंध्र प्रदेश)	309	171	138
18.	नागपुर (महाराष्ट्र)	373	238	135
19.	रायबरेली (उत्तर प्रदेश)	209	111	98
20.	राजकोट (गुजरात)	183	78	105

*****